काजरी में हिन्दी पखवाड़ा पुरस्कार एवं समापन समारोह का आयोजन

दिनांक 15 सितम्बर 2025 को काजरी में हिन्दी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये संस्थान निदेशक डॉ. सुमन्त व्यास ने कहा कि हिन्दी का साहित्य बहुत समृद्ध है तथा यह पूर्णतः वैज्ञानिक भाषा है | प्रो. महिपाल सिंह राठौड़, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे | प्रो. राठौड़ ने कहा कि हिन्दी एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है तथा विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है | हिन्दी के विकास में हिन्दीत्तर भाषियों का योगदान बहुत अधिक है | संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) श्री एस के सिन्हा ने कहा कि संस्थान में राजभाषा हिन्दी में कार्य सराहनीय है | श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) ने कहा कि हिन्दी में कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व व नैतिक कर्तव्य भी है | श्री यादव ने बताया कि संस्थान में 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत गीत गायन प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, कंप्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता, हिन्दी शोधपत्र प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | सभी प्रतियोगिताओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उल्लासपूर्वक भाग लिया | स्टाफ के बच्चों के लिए भी चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी | समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं का प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया गया | कार्यक्रम के दौरान अभिनय गुरुकुल की संचालिका श्रीमती स्वाती व्यास एवं टीम द्वारा स्वच्छता पर आधारित नाट्य मंचन किया गया | मंच संचालन डॉ. महेश एवं श्रीमती अनिता शेखावत द्वारा किया गया |